21112024-Gur-08_27DT02A.qxd 11/20/2024 10:26 PM Page 1

विकसित भारत बनाने में युवाओं की सकारात्मक सोच की ली जाएगी मदद

नेशनल यूथ फेस्टिवल के जरिये चुने जाएंगे 3 हजार यंग लीडर्स

11 व 12 जनवरी को दिल्ली मंडपम में इनसे चर्चा करेंगे मोदी

सोनीपत, 20 नवंबर (हप्र)

नेशनल यूथ फेस्टिवल के जरिये देशभर से 3 हजार यंग लीडर्स चुने जाएंगे। इसके लिए भारतीय खेल प्राधिकरण, नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) नेशनल यूथ फेस्टीवल में सहयोग करेंगे। सभी चरणों को पार करने के बाद चुने जाने वाले 3 हजार युवाओं के साथ 11 और 12 जनवरी को दिल्ली मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इनसे चर्चा करेंगे। इसके बाद विकसित भारत बनाने में इन युवाओं के सकारात्मक दृष्टिकोण की मदद ली जाएगी। बहालगढ़ स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के परिसर में बुधवार को साई के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. शिवम शर्मा, यूथ आइकन ओलंपियन हॉकी स्टार सुमित कुमार, नेहरू युवा केंद्र के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष सिसोदिया व राजेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से आयोजित प्रेस वार्ता में इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यंग लीडर्स चुनने के लिए माई भारत प्लेटफार्म पर 15 से 29 वर्ष तक के युवा पंजीकरण कर सकते हैं। 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक आनलॉइन क्विज का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद राज्य स्तर पर सकारात्मक लेखन के जरिये युवा अपना विजन पेश करेंगे।

डॉ. शिवम शर्मा ने बताया कि विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के जरिये 3 हजार यंग लीडर्स चुने जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है कि देश में एक लाख यंग लीडर्स की पहचान की जाए।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इस चैलेंज में देशभर से कम से कम एक करोड़ युवाओं (15-29 वर्ष) के भाग लेने का लक्ष्य रखा है। यह महोत्सव 3 हजार युवाओं को विभिन्न चैनलों से जोडक़र आयोजित किया जाएगा। इसमें 1500 प्रतिभागी माई भारत प्लेटफार्म, 1000 युवा उत्सव और 500 राज्य सरकारों द्वारा नामांकित युवाओं को शामिल किया जाएगा।

टोक्यो व पेरिस में मेडल विजेता भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे ओलंपियन सुमित कुमार ने देशभर के युवाओं का इस महत्वाकांक्षी आयोजन में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का यह बेहतरीन अवसर होगा।

सोनीपत के बहालगढ़ स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण में आयोजित प्रेस वार्ता में मौजूद डॉ. शिवम शर्मा, ओलंपियन सुमित कुमार व अन्य।-हप्र

चार चरणों में होगी विकसित भारत चैलेंज प्रतियोगिता

पहले चरण में विकसित भारत क्विज में 15-29 वर्ष के युवा 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक माई भारत प्लेटफार्म पर डिजिटल क्विज में भाग ले सकते हैं। माई भारत प्लेटफार्म पर डिजिटल क्विज में भाग ले सकते हैं। दूसरे चरण में निबंध या ब्लाग लेखन में पहले चरण के विजेता राष्ट्रीय विकास पर आधारित 10 विषयों में से एक पर निबंध प्रस्तुत करेंगे। जबकि तीसरे चरण में विकसित भारत विजन पिच डेक-राज्य स्तर पर प्रस्तुति व प्रतिभागी अपने विचारों को राज्य स्तर पर प्रस्तुत करेंगे। अंतिम और चौथे चरण में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भारत मंडपम में 11 व 12 जनवरी को राज्य स्तर पर चुनी गई टीमें प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करेंगी।

जयंती पर महर्षि दयानंद के जीवन चरित्र की दी जानकारी

मंडी अटेली, 20 नवंबर (निस)

महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पर वेद सप्ताह के दौरान बुधवार को गांव बिहाली में हवन व यज्ञ हुआ। इस अवसर पर महर्षि शिवानंद ने योगीराज कृष्ण, स्वामी दयानंद के सिद्धांतों और उनके जीवन चरित्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। रामुतार पुरूषार्थी ने कहा कि हवन के साथ किसी मंत्र का जाप करने से सकारात्मक ध्वनि तरंगें निकलती हैं। हवन एक वैज्ञानिक क्रिया के अलावा वातावरण को शुद्ध करने के साथ आस-पास के वातावरण को शुद्ध के साथ सदगुणों से समावेश होता है। पतंजलि आरोग्य केंद्र के डॉ. राजेंद्र वैध ने युवाओं को नशे से दूर रहने का उपदेश दिया।

अटेली आर्य समाज के प्रधान प्रधान हरदयाल आर्य, लालचंद योगाचार्य, दिनेश आर्य, धर्मबीर बोचडिय़ा, कर्मबीर पहलवान, मास्टर हठीराम, होशियार सिंह, हाथीराम, देशराज आर्य, जयदयाल, महाबीर आर्य,ओमप्रकाश योगाचार्य उपस्थित रहे।

मां ओमवती कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

800 मीटर दौड़ में पायल को प्रथम स्थान

होडल, 20 नवंबर (निस)

जींद की यूनिवर्सिटी की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तहत आयोजित इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में मां ओमवती कॉलेज के बीपीएड छात्रों ने अपनी सफलता का परचम लहराया। बीपीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा पायल ने 800 मीटर रेस में प्रथम स्थान तथा बीपीएड प्रथम वर्ष की छात्रा निशा ने 1500 मीटर रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी, जींद द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर वूमेन में छात्रा शैली, पायल का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स-2024 के लिए किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन डॉ. जेबी गोयल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना दी। इस अवसर बीपीएड प्रिंसिपल डॉ. संगीता रानी, बीएड प्रिंसिपल डॉ. नीलम चौहान, स्कूल प्रिंसिपल डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. सीमा खन्ना, डॉ. हेमंत शर्मा, संतोष उपस्थित थे।

होडल के मां ओमवती कॉलेज के खिलाड़ियों को इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में पदक प्राप्त करने पर सम्मानित करते आयोजक। -निस

विधायक आफताब अहमद ने डीसी को बतायी नूंह की समस्याएं

शहर में जलभराव, खेतों में पानी जमा

गुरुग्राम, 20 नवंबर (हप्र)

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नूंह विधायक आफताब अहमद ने डीसी प्रशांत पवार से विकास कार्यों को लेकर बात की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमने पिछले कई महीने से जिला प्रशासन को लोगों की दिक्कत के बारे में बताया। नूंह शहर में जलभराव की समस्या है, जबकि ग्रामीण इलाकों में खेतों में पानी भरा हुआ है। वर्ष-2022 का रबी की बर्बाद फसल का मुआवजा आज तक नहीं बांटा गया। कांग्रेस ने विधानसभा में मुद्दा उठाया है। डीसी ने आश्वस्त किया है कि बहुत जल्दी किसानों को मुआवजा दे दिया जाएगा। आफताब अहमद ने कहा कि नूंह शहर की जलभराव की समस्या है। कब्रिस्तान में पानी भरा है और घरों में पानी भरा हुआ है, जहां बीमारी का खतरा बना हुआ है। डेंगू और मलेरिया का सीजन है। नगर परिषद के अलावा सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक कर नूंह शहर के जलभराव की समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में हमने किसानों की डीएपी की समस्या को मजबूती से उठाया। विधायक ने कहा कि 70 फीसदी हरियाणा बीपीएल में चला गया है। एक तरफ हम कुशल प्रदेश बताते हैं। एक तरफ हम 70 फीसदी गरीब परिवार हैं। पूर्व परिवहन मंत्री आफ़ताब अहमद ने कहा कि यहां यातायात के साधन नहीं हैं।

नूंह में बुधवार को डीसी से मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक आफताब अहमद। -हप्र

धारूहेड़ा से अपहृत 9 साल का मासूम मेरठ स्टेशन पर मिला

रेवाड़ी, 20 नवंबर (हप्र)

धारूहेड़ा से तीन दिन पहले अपहृत 9 साल का मासूम बच्चा मेरठ के रेलवे स्टेशन पर सकुशल मिल गया। इसके साथ ही परिजनों और पुलिस ने भी राहत की सांस ली है। परिजन व पुलिस मेरठ पहुंचे और बच्चे लेकर आ गए।

धारूहेड़ा के आजाद नगर के सूरत सिंह का 9 साल का पोता चंदन अक्सर शाम को खेलने के लिए घर से बाहर जाता था। तीन दिन पहले वह घर से खेलने के लिए ही निकला, लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। इस पर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी गई। सूरत सिंह उसके अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी थी। पुलिस ने बच्चे की खोज शुरू कर दी और इसकी सूचना आसपास के राज्यों के थानों में भी दी थी। मंगलवार रात को मेरठ जीआरपी को चंदन स्टेशन पर लावारिश घूमता मिला। पूछताछ करने पर चंदन ने अपना व पता बताया तो जीआरपी ने धारूहेड़ा पुलिस को इसकी सूचना दी। परिवार के लोग पुलिस के साथ तुरंत मेरठ पहुंचे और बच्चे सकुशल बरामद किया। पूछताछ पर चंदन ने बताया कि जब वह घर के बाहर खेल रहा था तो एक युवक उसके पास आया और उसे बढ़िया चीज दिलाने का झांसा देकर अपने साथ लेकर चल दिया था। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गया और जब होश आया तो वह ट्रेन में था और मेरठ रेलवे स्टेशन पर उतर गया।

फंदे पर लटका मिला लापता व्यक्ति का शव

बहादुरगढ़, 20 नवंबर (निस)

कई दिन पहले लापता व्यक्ति का शव गांव सिद्दीपुर में प्लाट में फंदे पर लटका मिला। शव पूरी तरह गली-सड़ी अवस्था में मिला है। सूचना पाकर थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची और आगामी कार्रवाई शुरू की। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

मृतक की पहचान विजयपाल (40) निवासी कैर के रूप में हुई है। वह दिल्ली ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (डीटीसी) के मुंडैला स्थित डिपो में वासिंग का काम करता था। 9 नवंबर को घर से लापता हो गया था। मंगलवार दोपहर विजयपाल के छोटे भाई राजकुमार की पत्नी सिद्दीपुर गांव में स्थित अपने प्लाट में पानी की टंकी रखने आई तो उन्होंने प्लाट मे फंदे से शव लटका देखा। यह देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने शव की पहचान की। परिजनों ने विजयपाल की हत्या करके शव को लटकाने और उसकी पहचान मिटाने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी।

दो लोगों से 5 लाख की साइबर ठगी

जींद, 20 नवंबर (हप्र)

साइबर ठगों ने 2 लोगों से 5 लाख की ठगी की है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रामराय गांव निवासी सुरेश ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। 27 मई को उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप काल आई और कॉल करने वाले ने बताया कि वह कनाडा से उसका चाचा का लड़का बोल रहा है। सुरेश के चाचा का लड़का कनाडा में रहता है, उसने सोचा वही बोल रहा है। फोन करने वाले ने कहा कि उसका एजेंट का रिश्तेदार बीमार है और दिल्ली अस्पताल में दाखिल है तथा उसे रुपयों की जरूरत है। उसने बैंक का खाता नंबर दे दिया। सुरेश ने अपने बेटे को बैंक में भेजकर आरोपी द्वारा बतलाए गए बैंक में दो लाख रुपये की आरटीजीएस करवा दी।

रुपये डलवाने के बाद उसने व्हाट्सएप काल की तो कॉल नहीं मिली। इसके बाद नंबर बंद आने लगा। जब उसने अपने चाचा राममेहर से संपर्क किया और भतीजे के बारे में पूछा और उससे बात की तो पता चला कि उसके साथ आनलाइन फ्रॉड हो गया है। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने लोगों से साइबर ठगों से सावधान रहने का आह्वान किया है।

नरवाना के युवक को ढाई लाख का नुकसान

साइबर थाना पुलिस जींद को दी शिकायत में नरवाना के अंबरसर निवासी रमेश ने बताया कि 15 नवंबर को उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई और कॉल करने वाले ने कहा कि वह उसका दोस्त बब्बू बोल रहा है। वह कनाडा में 22 नवंबर को घर पर आएगा। उसके एजेंट की मां बीमार है, उसे रुपये की जरूरत है। उसे 2 लाख 80 हजार रुपये की जरूरत है। उसने सोचा कि यह उसका दोस्त बब्बू ही है, इसलिए उसने विश्वास कर के अलग-अलग ट्रांजक्शन से आरोपी के दिए गए बैंक खाते में दो लाख 21 हजार रुपये डलवा दिए। रुपये डलवाने के बाद उसने व्हाट्सएप काल की तो नंबर नहीं मिला। जब उसने वाइस कॉल की तो बब्बू ने बताया कि वह तो गांव में ही है और उसने उसके पास कॉल भी नहीं की। तब उसे अहसास हुआ कि वह आनलाइन फ्रॉड का शिकार हो गया है।

समस्या का समाधान करवाने की मांग को लेकर धरना जारी

घोड़ा फार्म रोड के मरम्मत कार्य की 'कछुआ' चाल से लोग परेशान

हिसार, 20 नवंबर (हप्र)

रोड न बनने की वजह से परेशानी झेल रहे घोड़ा फार्म रोड क्षेत्र के निवासियों का धरना बुधवार को भी जारी रहा। उनकी मांग है कि क्षेत्र की टूटी सड़कों को ठीक किया जाए और विभाग की ओर से डाली गई पाइपों को हटवाकर रास्ता व सड़कें ठीक की जाए। जनस्वास्थ्य विभाग ने काम शुरू करवा दिया है लेकिन काम की गति काफी धीमी है। घोड़ा फार्म रोड मार्केट एसोसिएशन के प्रधान विरेंद्र नरवाल ने कहा कि विभाग ने काम शुरू कर दिया है लेकिन गति कछुए की चाल की तरह काफी धीमी है। इसके चलते काम पूरा न होने तक क्षेत्रवासियों का धरना जारी रहेगा। धरने के पांचवे दिन क्षेत्रवासियों ने मांग की कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण होना चाहिए नहीं तो उसके बाद ठोस कदम उठाया जाएगा, जिसका जिम्मेदार संबंधित विभाग होगा।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष चिरंजीलाल गोयल, हनुमान बिश्नोई, सुभाष बिश्नोई, राजेश जांगड़ा, पंकज उर्फ बाबा, सचिव पिंटू, नरेंद्र गर्ग, अमित वर्मा, रमेश, नवीन व गोपी सेन मौजूद रहे।

हिसार में बुधवार को मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते लोग। -हप्र

PUBLIC NOTICE

It is to inform the General Public that allotment of Constructed House No.368,Sector-7, Urban Estate, Gurugram, after death of Joint Owner Smt. Durga Devi W/o Late Sh. Diwan Chand.
Late Smt. Durga Devi was Joint Owner had died on 12-11-1998 and she left behind following legal heirs-1. Satpal BudhirajaNow that Sh. Satpal Budhiraja S/o Late Sh. Diwan Chand R/o H.No. 368, Sector -7, Urban Estate Gurugram, intends to apply for transfer the share of late Smt. Durga Devi in his favour for the same.
If anybody has any objection against the transfer of the said house, He/she can submit objections in the writing to Estate Officer HSVP 1 Gurugram, along with supporting documents within 30 days from the date of publication of this notice. Otherwise the Estate Officer may transfer the said property as per HSVP policy and may not entertain subsequent claim if any.

Sh. Satpal Budhiraja (Son)
Legal heir
Onbehalf of Estate Officer-I
HSVP Sector-14 Gurugram

सार्वजनिक सूचना

चूंकि, ए डी एम डेवलपर्स, निदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन, हरियाणा चंडीगढ़ द्वारा प्रदत्त लाइसेंस संख्या 144/2024 दिनांक 13.11.2024 के प्रावधानों के अनुसार सैक्टर-27, झज्जर में 18.325 एकड़ क्षेत्र में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत एक अफॉरडेबल प्लॉटिड कॉलोनी के विकास का कार्य कर रहा है।
उक्त विज्ञापन हरियाणा विकास एवं नगरीय क्षेत्र विनियमन अधिनियम 1975 के नियम और नियम 24 तथा नियम 1976 प्लॉटों की बिक्री के लिये नहीं के अनुपालन के उद्देश्य से दिया गया है।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स 1000 ट्रीज हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर-105, गुड़गांव, हरियाणा में ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी परियोजना के विस्तार के लिए राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, हरियाणा (देखें पत्र संख्या SEIAA/HR/2015/93; दिनांक 05/02/2015) से पर्यावरणीय मंजूरी मिल गई है।

1000 TREES HOUSING PRIVATE LIMITED
REGISTERED OFFICE
711/92, DEEPALI, NEHRU PLACE, NEW DELHI-110019

जन-सूचना

मार्किट कमेटी पलवल के मूल रिकार्ड अनुसार दुकान नं. 04 साईज 105'×21½ नई अनाज मण्डी पलवल को मुबलिक 500/-रु0 में दिनांक 05.06.1956 को श्री हरलाल पुत्र श्री जसवन्त सिंह निवासी घुघेरा पलवल द्वारा खरीद की गई थी। श्री हरलाल पुत्र श्री जसवन्त की मृत्यु पश्चात पारिवारिक डिग्री कोर्ट माननीय श्री धर्मपाल सबजज क्लास 1 पलवल के आदेश दिनांक 01.06.1988 के अनुसार यह दुकान श्री टीकाराम पुत्र श्री हरलाल पुत्र श्री जसवन्त के नाम व मुरारी लाल पुत्र हरलाल पुत्र श्री जसवन्त के नाम आ गई थी। श्री टीकाराम पुत्र श्री हरलाल की मृत्यु दिनांक 04.10.1993 को हो गई थी। अब श्री टीकाराम पुत्र श्री हरलाल के वारसान उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कलावती व श्री विराज पुत्र एवं रोहनी पुत्री है। श्री विराज पुत्र श्री टीकाराम पुत्र श्री हरलाल की मृत्यु दिनांक 21.02.2020 को हो गई है। जिनके वारसान धनेश कुमारी पत्नी व प्रतीक पुत्र है व श्री मुरारीलाल पुत्र श्री हरलाल पुत्रश्री जसवन्त की मृत्यु दिनांक 01.02.2023 को हो गई थी। श्री मुरारीलाल के वारसान उनकी पत्नी श्रीमती राजन की मृत्यु दिनांक 17.06.2014 को हो चुकी है। इसके अलावा श्री मुरारी लाल के वारसान श्री विरेन्द्र सिंह, श्री पदम सिंह व श्री ताज सिंह पुत्रान है। उक्त दुकान नं. 4 साईज 105'×21½ नई अनाज मण्डी के उक्त वारिसानों के अतिरिक्त यदि कोई वारिस है या किसी व्यक्ति को मालिक तबदील करने से कोई एतराज है तो यह अपना एतराज प्रैस विज्ञप्ति के 30 दिन के अन्दर अन्दर ठोस सबूतों के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत करे यदि 30 दिन तक कोई एतराज नहीं प्राप्त होता है तो यह दुकान प्रार्थीगण श्रीमती कलावती पत्नी व श्रीमती घनेष कुमारी पत्नी स्व: श्री विराज व रोहनी पुत्री स्व0 श्री टीकाराम व श्री प्रतीक पुत्र स्व: श्री विराज पुत्र श्री टीकाराम पुत्र श्री हरलाल पुत्र श्री जसवन्त निवासी गांव घुघेरा पलवल व श्री विरेन्द पदम सिंह व ताज सिंह पुत्रान स्व: श्री मुरारीलाल पुत्र श्री हरलाल पुत्र श्री जसवन्त सिंह निवासी घघेरा पलवल के नाम तबदील कर दिया जायेगा।
सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी मार्किट कमेटी पलवल।

सार्वजनिक सूचना

विषय : पुनः अलाटी स्व. श्री नवल किशोर मेहरा की वसीयत रहित मृत्यु होने पर रिहायशी कालोनी, सेक्टर-21, गुरुग्राम (हरियाणा) में स्थित निर्मित प्रापर्टी मकान/प्लाट नं. 801, कवर्ड एरिया 48.54 वर्ग मी. (522.484 वर्ग तकरीबन) के स्वामित्व का हस्तांतरण।
स्व. श्री नवल किशोर मेहरा जो कि उक्त प्रापर्टी के पुनः अलाटी थे, दिनांक 12.02.2024 को स्वर्ग सिधार गए तथा पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है, वे अपने पीछे निम्न कानूनी वारिस छोड़ गए हैं:-
ए) श्री नितिन मेहरा- बेटा
बी) श्री गौरव मेहरा- बेटा
नितिन मेहरा और गौरव मेहरा दोनों पुत्र स्व. श्री नवल किशोर मेहरा निवासी ए-1/15, पश्चिम विहार, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110063 ने अन्य शेष कानूनी वारिसों के एनओसी शपथ पत्र सहित कानूनी वारिस होने के नाते अपने पक्ष में उक्त प्रापर्टी की ट्रांसफर के लिए आवेदन किया है और नितिन मेहरा और गौरव मेहरा दोनों पुत्र स्व. श्री नवल किशोर मेहरा निवासी ए-1/15, पश्चिम विहार, वैस्ट दिल्ली, दिल्ली-110063 के नाम पर पुनः अलाटमेंट की विनती की है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्लाट/प्रापर्टी के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर संपदा अधिकारी, एचएसवीपी-I, गुरुग्राम के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त संपत्ति एचएसवीपी नीति अनुसार संपदा अधिकारी द्वारा हस्तांतरित/पुनः अलाटमेंट कर दी जाएगी और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

कानूनी वारिस/ट्रांसफरी
नितिन मेहरा एवं गौरव मेहरा
DI-18422 **संपदा अधिकारी-I की ओर से।**

क्ले मॉडलिंग' में गुढा स्कूल की दीपांशी प्रथम

कनीना, 20 नवंबर (निस)

प्राइमरी लेवल की जिला स्तरीय क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुढा की दीपांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि पांचवी की छात्रा दीपांशी का मॉडल सबसे श्रेष्ठ रहा। आयोजन समिति की ओर से छात्रा को प्रमाण पत्र तथा 5 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षकों तथा परिजनों ने छात्रा दीपांशी की इस उपलब्धि पर खुशी जताई।

एनसीसी सप्ताह के तीसरे दिन वैश्य महाविद्यालय में मैराथन

नशामुक्त हरियाणा के लिए एक साथ दौड़े कैडेट

भिवानी, 20 नवंबर (हप्र)

एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को वैश्य महाविद्यालय में बुधवार को एनसीसी नशा मुक्त हरियाणा थीम के साथ मैराथन का आयोजन किया। मैराथन दौड़ को कमांडिंग आफिसर कर्नल राजेश दहिया एवं प्राचार्य डॉ संजय गोयल, एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ अनिल तंवर, लेफ्टिनेंट डॉ रीना ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए रवाना किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल थॉमस कूटी ने मैराथन में शामिल होते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत का स्वपन तभी पुरा हो सकता हैं जब हम सब मिलकर प्रयास करे। कमांडिंग आफिसर कर्नल राजेश दहिया ने कहा कि नशा चाहे शराब हो या धूम्रपान, या फिर चाहे अन्य कोई ड्रग हो, जीवन के लिए घातक होता है और पथभ्रष्ट कर देता है।

प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि हमें कुसंग से बचना चाहिए क्योंकि कुसंगति ही हमें नशे की और लेकर जाती है। नशीले पदार्थो के सेवन से हर साल लाखों जान जाती हैं। आज आयोजित मैराथन का थीम नशा मुक्त हरियाणा रहा। कैडेट्स को नशा मुक्त हरियाणा में सहयोग की शपथ दिलवाई। एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ अनिल तंवर ने कैडेट को संबोधित करते हुए कहा मैराथन में भाग लेने वालों में कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नशे से दूर रहने की अपील की।

इस अवसर पर डॉ अंजू राजन, डॉ वंदना वत्स, सूबेदार मेजर राजेश ठाकुर, सूबेदार सुरेंद्र, हवलदार गुरमुख सहित अनेकों कैडेट्स उपस्थित रहे।

भिवानी में बुधवार को मैराथन से पहले वैश्य महाविद्यालय में नशे के खिलाफ शपथ लेते एनसीसी कैडेट और अधिकारी। -हप्र

हादसे में घायल युवक की मौत

रोहतक, 20 नवंबर (निस)

गांव नयाबास फ्लाईओवर के पास सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। गांव हसनगढ़ निवासी रोहित ने बताया कि वह रोहद स्थित एक कम्पनी में काम करता है। शाम को ड्यूटी खत्म होने के बाद जब वह नयाबास फ्लाईओवर के पास पहुंचा तभी वहां सड़क पर एक युवक गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। रोहित ने तुंरत युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया।

एचटेट में एक लेवल के लिए एक से अधिक आवेदन करने वालों को देना होगा स्पष्टीकरण

भिवानी, 20 नवंबर (हप्र)

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) 7 व 8 दिसम्बर को करवाया जा रहा है। इस परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों ने एक लेवल के लिए एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन किया गया है, उनकी सूची बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द किए जा सकते हैं। बोर्ड प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने एक लेवल के लिए एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन किया गया है। वे अपना स्पष्टीकरण 23 नवम्बर, तक ई-मेल आई.डी. पर भेजना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि इसके बाद प्राप्त किसी भी स्पष्टता अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड प्रवक्ता ने आगे बताया कि ऐसे सभी अभ्यर्थी अपनी स्पष्टता अनुरोध बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित स्पष्टीकरण प्रपत्र को डाउनलोड करते हुए पूर्ण रूप से भरकर ई-मेल आईडी पर निर्धारित समय में भेजें।

भेड़-बकरियों से भरा कैंटर काबू

भिवानी, 20 नवंबर (हप्र)

तोशाम मार्ग पर सागबन नाके पर पुलिस ने भेड़-बकरियों से भरे एक कैंटर को काबू कर लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक गाड़ी भेड़-बकरियों से भरकर भिवानी की तरफ जा रही है। पुलिस ने सांगवान चौकी बैरिकेड लगाकर कैंटर को रुकवाया और तलाशी ली। कैंटर में 158 भेंड़े और 52 बकरियां लदी हुई मिलीं। उनके पास कोई परमिट या दस्तावेज नहीं थे। ने कैंटर चालक राजस्थान निवासी आशिफ, वजने खा, शाह मोहम्मद और युनूस के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में युवा महोत्सव आयोजित

नुक्कड़ नाटक में यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थी अव्वल

नारनौल, 20 नवंबर (हप्र)

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव में यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थी कई प्रतिस्पर्धाओं में अव्वल रहे। उन्होंने नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हरियाणवी स्किट में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा क्ले मॉडलिग में बीए तृतीय वर्ष की भारती ने प्रथम स्थान हासिल किया और बीएसएसी तृतीय वर्ष की निशा ने पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि पारस बी.ए. द्वितीय वर्ष ने कार्टूनिंग में दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा स्लोगन में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की सफलता पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक नांगल चौधरी राव बहादुर सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की व निरंतर आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर डायरेक्टर सुरेश यादव, डा. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, उप-प्राचार्या डा. सोनल यादव व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

नारनौल के यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए। -हप्र